भिलाई निगम अंतर्गत भूखंड खरीदने के लिए समय कम, कही छुट न जय ये मौका, शहर के अलग-अलग इलाकों में ले सकते हैं प्लॉट, आसान है प्रक्रिया जानिए क्या करना होगा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत भूखंडों के अंतरण के लिए प्रक्रिया प्रारंभ है। भूखंड लेने के लिए ई-ऑक्शन की प्रक्रिया प्रतिभागी को अपनानी होगी। विस्तृत जानकारी ई प्रोक्यूरमेंट में अपलोड कर दी गई जिसे https://eproc.cgstate.gov.in, http://bhilainagarnigam.com तथा https://uad.cg.gov.in पर जाकर देखा जा सकता है। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत नेहरू नगर , दक्षिण गंगोत्री, प्रियदर्शनी परिसर, जवाहर नगर तथा पंडित दीनदयाल पुरम के 61 भूखंडों की नीलामी के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की है। भूखंड की प्राप्ति के लिए ऑनलाइन निविदा में भाग लेना होगा। शहर के अच्छे लोकेशन पर भूखंड प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर है। आवासीय एवं व्यवसायिक योजना दोनों ही इसमें सम्मिलित है। नोटिस बोर्ड में इसकी जानकारी चस्पा की गई है ताकि निगम अंतर्गत भूखंड को लीज पर लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी ई ऑक्शन की प्रक्रियाओं में भाग ले सकें। पारदर्शिता रखने के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, कोई भी पात्र व्यक्ति कहीं से भी ई ऑक्शन की प्रक्रिया में भाग ले सकता है। वर्तमान में 61 भूखंडों की नीलामी की जा रही है। क्या होगी नीलामी की प्रक्रिया जानिए कैसे ले सकते हैं इच्छुक भाग भिलाई निगम अंतर्गत लीज पर भूखंड लेने के लिए ई ऑक्शन प्रक्रिया अंतर्गत समस्त निविदाकारो द्वारा तीन स्तर पर नीलामी की प्रक्रिया में भाग लिया जा सकता है। पहली प्रक्रिया के तहत निविदाकारों को ई प्रोक्यूरमेंट पोर्टल पर पंजीयन करना होगा जिसके पश्चात ही वे ई-ऑक्शन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण एवं पोर्टल संबंधी एवं अन्य तकनीकी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18004199140 पर समय प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक तथा ईमेल आईडी help desk.cgeproc@mjunction.in पर संपर्क कर सकते हैं। पंजीकरण के उपरांत द्वितीय प्रक्रिया के तहत निविदाकारों को आवश्यक प्रीक्वालीफिकेशन दस्तावेज जैसे भूखंड अनुसार ईएमडी/धरोहर की राशि ऑनलाइन के माध्यम से तथा अन्य दस्तावेज जैसे शपथ पत्र , निविदा दस्तावेज की स्वयं के द्वारा हस्ताक्षरित प्रति, निविदा नियम शर्ते, मान्य घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज ऑनलाइन के माध्यम से अंतिम तिथि दिनांक 3 अप्रैल 2023 शाम 5:30 बजे तक जमा किया जा सकता है। जिसका निगम द्वारा गठित तकनीकी दस्तावेज परीक्षण समिति द्वारा निर्धारित समय अवधि में परीक्षण किया जाएगा और पात्र निविदाकारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। तीसरी प्रक्रिया के तहत पात्र निविदाकारों द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार ई-ऑक्शन प्रक्रिया में भाग लेने दिया जाएगा। इसके पश्चात ई-ऑक्शन प्रक्रिया में प्राप्त उच्चतम दरों को निगम समिति के समक्ष दर परीक्षण हेतु प्रस्तुत कर आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। भूखंड नीलामी हेतु अधिक जानकारी के लिए अशोक कश्यप मोबाइल नंबर 9098817420 से संपर्क किया जा सकता है।